
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंकः-312
मुरादाबाद
05 March 2025
(Wednesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'पहली बार उद्यमी बनने वाले पांच लाख को दो करोड़ रुपये तक का ऋण मिल सकेगा', पीएम मोदी बोले



यह वेबिनार सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार विशेषज्ञों के लिए भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और ऊर्जा रणनीतियों पर चर्चा का मंच प्रदान करेंगे। इनमें बजट में घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन, निवेश सुविधा और तकनीकी अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगाप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उद्योग जगत से कहा कि वे मात्र मूकदर्शक न बनें और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करके दुनिया की बढ़ती जरूरतों का लाभ उठाना चाहिए।उन्होंने बजट के बाद नियामकीय, निवेश और कारोबार सुगमता सुधारों पर आयोजित वेबिनार में कहा, आज भारत स्थिर नीतियां और बेहतर कारोबारी माहौल प्रदान कर रहा है। मैं आपसे देश के विनिर्माण और निर्यात को आगे बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि उद्योग को अनुसंधान एवं विकास का उपयोग करके ऐसे अभिनव उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए जिनकी विदेशों में मांग है और इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया को एक भरोसेमंद साझेदार की जरूरत है... उद्योग को महज दर्शक नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवसर तलाशने चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि इंजन बन गया है... देश ने कठिन समय में भी अपनी लचीलापन साबित किया है। एमएसएमई को कम लागत पर ऋण देने के लिए नए तरीके विकसित करने की जरूरत- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश भर में छह करोड़ से अधिक एमएसएमई को समय पर और कम लागत वाले ऋण तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार उद्यमी बनने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। वेबिनार के बारे में जानिए - प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, वेबिनार एमएसएमई को विकास का इंजन, निर्माण, निर्यात एवं परमाणु ऊर्जा मिशन और नियामक सुधार, निवेश व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विषयों पर केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने इन कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। पीएमओ ने बताया कि वेबिनार का मकसद सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार विशेषज्ञों के लिए भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और ऊर्जा रणनीतियों पर चर्चा का मंच प्रदान करना था। इनमें बजट में घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन, निवेश सुविधा और तकनीकी अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मिलकर बजट के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की दिशा में रणनीति तैयार की गई। इन चर्चाओं का उद्देश्य बजट के परिवर्तनकारी प्रावधानों को धरातल पर उतारने के लिए हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाना है। यह पहल देश में नीतिगत सुधारों और आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद-भाजपा नेता के रिश्तेदारों में मारपीट, थाने में हंगामा, एसपी बोले- वापस नहीं लूंगा एफआईआर

रोडरेज में भाजपा नेता जयकरण गुप्ता के भतीजे इंजीनियर हर्षित गुप्ता व उनके भाई नीरज पर पूर्व सांसद हरीश पाल के परिवार के लोगों ने हमला किया। इस घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की है। इसी को लेकर थाने में हंगामा किया गया। भाजपा नेता जयकरण गुप्ता के भतीजे इंजीनियर हर्षित गुप्ता पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोनों पक्षों पर हुई एफआईआर को लेकर भाजपा नेताओं में आक्रोश है। संयुक्त व्यापार संघ और भाजपा नेताओं ने पहले वेस्ट एंड रोड स्थित होटल में बैठक की। उसके बाद सदर बाजार थाने का घेराव कर दिया। थाने में भाजपा नेता धरने पर भी बैठ गए। एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज ने जयकरण गुप्ता पक्ष पर हुई एफआईआर को वापस लेने की मांग की। एसपी सिटी ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वह मुकदमा वापसी नहीं करेंगे। हालांकि निष्पक्ष जांच की बात एसपी सिटी ने कही। इसके बाद भाजपा नेता लौट गए।रोडरेज की घटना में भाजपा नेता जयकरण गुप्ता के भतीजे इंजीनियर हर्षित गुप्ता और उनके भाई नीरज पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। हमलावर जनता दल से पूर्व सांसद रहे

## द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए ब्रिटेन पहुंचे जयशंकर, मुक्त व्यापार समझौते पर हो सकती है वार्ता

विदेश मंत्री एस जयशंकर के ब्रिटेन दौरे की शुरुआत हो गई है। उनकी यह यात्रा तब हो रही है जब भारत और ब्रिटेन के बीच रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हुई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए मंगलवार से ब्रिटेन और आयरलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर सबसे पहले लंदन पहुंचे। यहां वे अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। जयशंकर और लैमी की यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच तीखी नोकझोंक की पृष्ठभूमि में होगी।जानकारों की मानें तो इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछले महीने के अंत में भारत और ब्रिटेन ने ब्रिटिश व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स की नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रस्तावित सौदे पर बातचीत फिर से शुरू की थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। यह रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में मजबूत हुई है।



सीडीएस जनरल चौहान ऑस्ट्रेलिया दौरे पर- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को चार दिनी दौरे पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हुए। यहां वह ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष सैन्य अफसरों से मिलेंगे व हिंद-प्रशांत समेत द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों पर चर्चा करेंगे। यात्रा के दौरान वह ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों के कई सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय नें कहा यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है, जो रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक-सैन्य सहयोग को मजबूत करेगी। टैरिफ चेतावनी के बीच गोयल अचानक अमेरिका रवाना- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल पहले से तय कार्यक्रमों को रद्द कर सोमवार को अचानक अमेरिका रवाना हो गए। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ ही हफ्तों में भारत समेत कई देशों पर पारस्परिक टैक्स लगाने की घोषणा कर सकते हैं। गोयल यहां ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों से मिलेंगे। इस दौरान व्यापार समझौते पर चर्चा हो सकती है, जबकि नए टैरिफ लागू होने की समय सीमा भी नजदीक है। अमेरिका ने पहले ही चीन, कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगा दिए हैं, लेकिन अब तक भारत इससे बचा हुआ है। हालांकि, 2 अप्रैल से अमेरिका भारत पर भी टैरिफ लागू करने की योजना बना रहा है।

## केंद्रीय मंत्री अठावले ने आकाश आनंद को आरपीआई में आने का दिया ऑफर, बोले – पूरा सम्मान देंगे



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने आकाश आनंद को आरपीआई में शामिल होने का आफर दिया। आकाश को बसपा से निकाल दिया गया है।केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने आकाश आनंद को बसपा से निकाले जाने पर कहा कि आकाश मायावती जी अनुसरण कर रहे थे। उन्हें अब पार्टी से निकाल दिया गया है तो उन्हें हमारी पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए। हम रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया में उन्हें उचित सम्मान देंगे। वो बहुजन समाज के मिशन को आगे बढ़ा रहे थेवहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बारे में अठावले ने कहा कि उनका चरित्र बदल गया है। वो लगातार महाकुंभ पर टिप्पणी करते रहे जो कि सही नहीं है। वो खुद भी कुंभ में डुबकी लगाने गए लेकिन बयानबाजी करते रहे। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। वो हमारे मित्र हैं लेकिन अब वो बदल गए हैं।राहुल गांधी को महाकुंभ स्नान के लिए जाना चाहिए था अठावले ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी महाकुंभ में स्नान के लिए नहीं गए। उन्हें हिंदुओं का वोट तो चाहिए लेकिन कुंभ स्नान नहीं करने गए। अगर वो जाते तो योगी सरकार उन्हें पूरी सुविधाएं देती लेकिन वो नहीं गए। ये उन्होंने सही नहीं किया।

## औरंगजेब पर बयान देकर फंसे अबू आजमी, जांच शुरू हुई तो मांगी माफी; शिंदे ने बताया देशद्रोही



इस बीच अबू ने अपनी टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने लिखा, %मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। औरंगजेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुषों के बारे में कोई अपमानजनक टिपण्णी नहीं की है, लेकिन फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।%मुंबई पुलिस ने समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी के खिलाफ मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ करने वाली टिप्पणी के मामले की जांच शुरू कर दी है। लोकसभा में शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के की शिकायत पर पड़ोसी ठाणे में पुलिस ने कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के प्रयास के आरोप में आजमी के खिलाफ सोमवार को एफआईआर दर्ज की। इस बीच उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक बार फिर आजमी पर निशाना साधा और उन्हें देशद्रोही करार दिया। एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे पुलिस ने बाद में एफआईआर को मुंबई स्थानांतरित कर दिया, जहां मंगलवार को मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में आजमी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया।इससे पहले शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ वागले के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने एस्टेट पुलिस स्टेशन में बीएनएस धारा 299, 302, 356 (1) और 356 (2) के तहत मामला दर्ज कराया है। नरेश म्हास्के ने आरोप लगाया है कि मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली अबू आजमी की टिप्पणी से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।सांसद म्हास्के ने कहा, %अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। उन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। औरंगजेब जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को नष्ट किया, महिलाओं पर अत्याचार किया, छत्रपति संभाजी महाराज को बेरहमी से प्रताड़ित किया, वह देश के खिलाफ था, उसने हमारे देश को लूटा। हमारे नेता एकनाथ शिंदे ने मांग की है कि उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। हम उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करा रहे हैं।% इस बीच अबू ने अपनी टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने लिखा, %मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुषों के बारे में कोई अपमानजनक टिपण्णी नहीं की है, लेकिन फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ ह

## पूर्व बसपा सांसद दानिश अलीः 'मायावती किस दबाव में आकाश आनंद पर ऐसे फैसले ले रहीं, उनके बारे में सबको पता'



बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस पर पूर्व सांसद दानिश अली ने कहा कि मायावती के स्वभाव के बारे में सभी जानते हैं। उन्होंने किस दवाब में यह फैसला लिया यह सार्वजनिक है। मायावती ने आकाश पर ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में रहने का आरोप लगाया। आकाश की प्रतिक्रिया को मायावती ने स्वार्थी और अहंकारी बताया।अमरोहा के पूर्व बसपा सांसद दानिश अली ने मायावती द्वारा उनके भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित किए जाने पर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि यह बसपा का आंतरिक मामला है। मायावती के स्वभाव के बारे में हर कोई जानता है। हर किसी को मालूम है कि वह ऐसे फैसले क्यों ले रही हैं और वे किस दबाव में हैं।दानिश अली मार्च में बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में सांसद दानिश अली गठबंधन के तहत बसपा से चुनाव लड़े। यहां उन्होंने जीत हासिल की थी। वह मूल रूप से हापुड़ के रहने वाले हैं। उनके दादा महमूद अली विधायक और फिर 1977 में हापुड़ लोकसभा सीट से सांसद रहे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को भजीते आकाश को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। इसके बाद आकाश ने सोमवार को उनके फैसले पर प्रतिक्रिया दी। इससे नाराज होकर मायावती ने उन्हें बसपा से निष्कासित करने का फैसला ले लिया। मायावती ने बताया कि आकाश को पार्टी हित से ज्यादा बसपा से निकाले गए अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में रहने के कारण सभी जिम्मेदारियों से मुक्त किया गया था। उन्हें इसका पश्चाताप कर परिपक्वता दिखानी थी। इसके उलट फैसले पर आकाश की प्रतिक्रिया उनके ससुर के प्रभाव वाली स्वार्थी व अहंकारी बयानबाजी है। आकाश आनंद ने ये दिया था बयान- बसपा सुप्रीमो ने कहा कि मैं पार्टी के सभी लोगों को ऐसी बयानबाजी से बचने की सलाह देने के साथ ही दंडित भी करती रही हूं। लिहाजा डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमानी मूवमेंट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन परंपरा को निभाते हुए आकाश को पार्टी से निकाल दिया गया है। मेरे लिए अब बड़ी चुनौती है - आकाश आकाश ने मायावती के फैसले पर सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं उनका काडर हूं। उनके नेतृत्व में त्याग, निष्ठा और समर्पण के सबक सीखे हैं। उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं। पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए भावनात्मक है। मेरे लिए अब बड़ी चुनौती भी है। परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी हैं।

## संपादकीय Editorial

## If we want to become a 'developed country' then…

We keep hearing everyday that India will be a 'developed nation' in 2047. This is the resolution of the Government of India and BJP-NDA under the leadership of Prime Minister Modi and this is also being called upon by the people of the country. The Prime Minister has called India a 'factory' for the world, while this seems to be half-truth, because India is lagging behind in manufacturing (manufacturing, production etc.). The target was set that the contribution of this sector to the GDP should be more or less 25 percent, but this share has gone down to less than 15 percent. This is a sector which creates a lot of employment opportunities. Actually, India is becoming a 'trading country' instead of a 'manufacturing hub'. The biggest example of this is the increase in imports from China. Reports of some other agencies and institutions along with the World Bank have also come out. Such reports are based on the study and survey of various aspects of India's economy, social conditions, labour force and participation, our average income etc., hence they cannot be denied outright. If the Government of India had been presenting transparent, clear and unbiased data to the country, then there would have been no need for these reports and all the situations would have been clear to the average citizen of the country. Whatever data is released by the government departments, they are either half-truths or cover up the reality. However, now it is being estimated that if India has to become a 'developed nation' in 2047, then its annual economic growth rate should be 7.8 percent continuously, but currently in the budget of 2025-26, the growth rate has been estimated to be 6.5 percent. Almost the same is the estimate of the International Monetary Fund. In reality, this growth rate will be close to 5 percent, because many equations, facts, production, inflation rate etc. can be evaluated correctly only later. Currently, the per capita income in India is said to be around Rs 2.20 lakh per annum, whereas to become a developed country, it should be more or less Rs 15.48 lakh. Nearly 100 crore people in India do not have so much extra money that they can spend even on non-essential things. Only 10 percent of Indians have the capacity to spend continuously. Is India's economy and GDP dependent on only 10 percent of the people? If India really wants to become a 'developed country', then the labour participation should be 65 percent or more, whereas this participation is currently 56.4 percent. The average income of the common man has increased by about 28 percent, while the income of industrialists and the rich has increased by 350 percent. This economic inequality is the reality of India, hence there should be no pride about the developed economy. Currently, India is far behind from becoming a 4 trillion dollar economy, hence 5 trillion dollars is a far cry. By the way, claims are being made of 30 trillion dollars as well. In a country where more than 81 crore people are being provided free food grains every month and this scheme has to continue till 2029, how can that country join the group of developed countries by 2047? In fact, the politics of freebies is making a section of the country lazy, useless and hollowing out the economy, so there is a lack of skills in India, there is a lack of production, the equation of income and expenditure is unbalanced. How will the economy expand? How long will the country run with the support of only 10 percent of the people? This is the internal reality of India. Since there is no significant increase in income or the sources of income are drying up, then the average savings will also be affected. There has been a decrease of about 44 percent in savings in India. The savings which were more than Rs 11 lakh crore.

# Domestic demand, which gives strength to the economy, purchasing power of the middle class has become the new strength of the Indian economy.

In view of the new changes coming in global trade, India will have to increase bilateral trade relations with friendly countries. That is why India is also moving fast on the path of bilateral trade talks and free trade agreements. Recently, talks have been held between India and the European Commission regarding a free trade agreement to increase business and economic cooperation. At present, US President Donald Trump's tariff war has created havoc from Asia to European economies. There is a possibility of a new trade war starting between America and its biggest trading partners due to the imposition of 25 percent duty on imports from Canada and Mexico and 10 percent duty on imports from China. India is also on the target of America in view of tariff increase. There are concerns in sectors like textile, medicine, automobile, steel, aluminum and semiconductor in India regarding this. Sensex and Nifty are also in a phase of big decline. In such a situation, India is moving ahead in a planned manner to increase its strong domestic demand with appropriate tariff concessions to America and to counter Trump's tariff war with bilateral trade talks. India's consumer market is the fastest growing in the world. This is the strongest weapon for India in the war against Trump's tariff. According to Deloitte India and Retailers Association of India (RAI), the private consumption in the Indian consumer market which was Rs 87 lakh crore in the year 2013, more than doubled to Rs 183 lakh crore in 2024. According to them, in 2026, India will become the third largest consumer market in the world due to increasing consumption. Undoubtedly, the middle class of the country is giving new economic strength to the consumer market of the country. With economic reforms, high growth rate and urbanization, the number of middle class people in India has increased rapidly. According to the recently published report titled The Rise of Middle Class India, the number of middle class people in India was around 43 crores in the financial year 2020-21 and it is estimated to increase to 102 crores by 2047. This class is defined as families with an annual income of five to 30 lakh rupees. According to a report by research firm Kantar, the number of Indians earning more than 10 thousand dollars annually in India will triple by 2030. This number was around six crores in 2024, which will increase to 16.5 crores by 2030. Certainly, amid growing fears of tariff war, this middle class has become the new power of the Indian economy. Due to the increasing purchasing power of the middle class of India, while many countries of the world are eager to increase economic and business relations with India, big companies of the world are also knocking on the Indian market. In fact, despite all the global challenges, India has remained the fastest growing economy in the world due to the strength of its domestic demand. In the last 10 years, the rate of increase in consumption has been the highest in India. In the October-December quarter of the current financial year 2024-25, the growth rate of the Indian economy was 6.2 percent. This growth rate of India is higher than all developed and developing countries like China, America, Indonesia, Brazil. Recently, the World Bank in its Global Economic Prospects Report has also described India's economy as the world's fastest growing major economy in terms of investment and consumption. Domestic demand and consumption are India's strength. The budget for the financial year 2025-26 is also seen increasing the purchasing power of taxpayers, investors and the middle class. In this, an attempt has been made to increase expenditure and savings by reducing income tax and simplifying the tax structure. Reducing the tax burden on the middle class will increase domestic consumption. This will increase GST collection and increase the base of those with taxable income. At this time global trade is going to be established anew. The World Trade Organization (WTO) is no longer the main pillar and non-discriminatory duties under the Most Favoured Nation (MFN) status are being abolished. Every country wants special treatment. We too will have to follow this path. In view of the new changes in global trade, India will have to increase bilateral trade relations with friendly countries. That is why India is also moving fast on the path of bilateral trade talks and free trade agreements. Recently, talks have been held between India and the European Commission regarding a free trade agreement to increase business and economic cooperation. It is expected to be sealed by the end of this year. Since India is soon going to become the third largest economy in the world and the target is to achieve a growth rate of 7.8 percent for developed India by 2047. In such a situation, India will have to move ahead in a planned manner on the path of appropriate tax concessions for America, rapidly increasing consumption in the Indian market, bilateral trade negotiations and free trade agreements. Indian policy makers will have to move ahead strategically by continuously evaluating the direct and indirect impacts of the Trump administration's policies on India.

# Ignoring a constitutional institution, questions raised on AAP due to CAG report

Constitutional morality and integrity inspire them to be punctual. Such people are time conscious. Everyone knows that when important work is not done on time, there is a huge national loss. After all, what is the maximum time that should be taken between the Lieutenant Governor of Delhi receiving the report and the Chief Minister receiving it? It took months. Deliberate delay for unnecessary benefits is not forgivable. After the departure of the Aam Aadmi Party i.e. AAP government in Delhi, after the CAG report was tabled in the Delhi Assembly, many apprehensions have been proved right. The CAG report raises questions on the previous government's liquor policy, mohalla clinics and schemes running at many levels of governance. In fact, the AAP government ignored the constitutional responsibility of presenting the CAG report in the House. It is possible that the plan to not present the report in the House was made after careful consideration. CAG reports have been creating a stir in the past as well. CAG has a glorious history of functioning. The Bofors gun scam became a national issue only because of the CAG report. CAG exposed the 2G spectrum allocation scam. The coal scam became a serious issue due to CAG's report. The then Defence Minister Krishna Menon was also caught in the 1962 CAG report regarding the purchase of a jeep. The ruling party was in trouble due to the CAG report on the Commonwealth Games. It is no secret that the nation is harmed by the wastage or misuse of public money. There is massive corruption. International infamy also occurs when corruption is exposed at the top level. The Comptroller and Auditor General of India, i.e. CAG, is a constitutional institution. According to Article 148, CAG and the Parliament are the watchmen of the use of public money in India. CAG ensures that the expenditure of the country's accumulated funds has been done under the Constitution and law. The CAG report is discussed by the Public Accounts Committee. The committee has MPs from both the ruling party and the opposition. It is not easy to ignore the CAG report. It is a powerful constitutional institution. Dr. Ambedkar had said in the Constituent Assembly that he considers the Comptroller and Auditor General as perhaps the most important officer in the Indian Constitution. Although in England and America, the equivalent officer has the duties of a treasurer and accountant, CAG has the maximum powers of audit. In the parliamentary tradition, CAG has been described as the friend, philosopher and guide of the Public Accounts Committee. The Public Audit Department in India was established in 1853 itself. As an independent institution, it got shape from the Act of 1919. Its appointment was done by the Secretary of India.

Its powers got more power from the Government of India Act 1935. The Indian Independence Act 1947 enhanced the power of CAG. After the merger of the princely states into the Indian Union, the responsibility of CAG became widespread throughout the country. In 1950, the name of the Auditor General was called Comptroller and Auditor General in the Constitution. It is an important institution in England. The CAG of India is the Auditor General, but not the controller. The Auditor General of Britain also has the powers of Comptroller and Auditor General. In India, CAG thoroughly investigates the public money spent. On the other hand, CAG of Britain controls public money even before it is spent.

In Britain, no money can be withdrawn from the treasury without the permission of CAG. CAG of India is not a member of the Parliament. In Britain, CAG is a member of the House of Commons (Lower House). The constitution makers created this post after thorough study and ensured its impartiality. CAG can be removed in the same way as a Supreme Court judge. There are many institutions in the constitution. Each has its own rights and duties, but there is no mention of time commitment in performing such tasks. CAG's work is huge. Work is possible only through hard work within the stipulated time. In the case of Delhi government, CAG's report was not tabled in the House. This act of the government was not constitutional. CAG actually investigates to deal with all the contradictions and ensure proper use of public money. It prepares reports. The committees thoroughly examine the reports. The office bearers of constitutional institutions face difficulties in scheduling their work. There is no constitutional remedy to make them punctual. Constitutional morality and integrity motivate them to be punctual. Such people are time conscious. Everyone knows that if important work is not done on time, then there is a huge national loss. After all, what is the maximum time that should be taken between the Lieutenant Governor of Delhi receiving the report and the Chief Minister receiving it? It took months. Deliberate delay for unnecessary gain is not forgivable. All parliamentary committees, including the Public Accounts Committee, do important work. The work of the Public Accounts Committee is huge. The committee can see the CAG report even before it is presented in Parliament. GV Mavlankar, who was the Speaker of the Lok Sabha, had said, 'The committee should examine it at that time itself. This will give it more time to work, but the committee cannot make any report to the House in this regard until the relevant accounts and audit reports are formally laid before the House. However, the meetings of the committees do not last long enough. The condition of the legislatures is even worse. In some places, 8-10 years old cases are pending in the committee. At least 8-10 years old cases are pending in the committee. The files of constitutional institutions should be timely and dynamic. In many cases, people found guilty retire, but no action is taken. It is surprising that even senior office holders often do not pay attention to the importance of time. Constitutional institutions themselves should take care of time discipline. Parliament or any committee of Parliament will have to think deeply on this subject. The reasons for the delay should also be presented in a clear manner.

# अवैध निर्माण को तीन दिन में गिरा दें, नहीं तो बुलडोजर चलेगा

## मंडी सभापति ने फल सब्जी मंडी का किया निरीक्षण, मंडी सभापति ने दुकानों का निरीक्षण कर दिया नोटिस

मुरादाबाद। फल सब्जी मंडी समिति में आढ़त के नाम पक्का निर्माण कर लिंटर डालने की सूचना पर




मंडी की सभापति सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव सोमवार को मंडी समिति पहुंची। इससे दुकानदारों व आढ़तियों में हलचल मच गई। उन्होंने मंडी सचिव के साथ दुकानों का निरीक्षण किया। जिन दुकानों पर पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था उन्हें तीन दिन के अंदर तोड़ने की चेतावनी दी। कहा कि इसके बाद मंडी प्रशासन इसे हटवाएगा। 1980 में लाइनपार में बनी नवीन फल सब्जी मंडी की सड़कों और आढ़तियों का स्वरूप बदलता जा रहा है। मंडी की दुकानों में आधे हिस्से में लोगों ने पक्के मकान बना लिए हैं, इतना ही नहीं मंडी की दुकानें गाड़ियों के गैराज और कार्यालय का काम कर रही हैं। इसकी शिकायत पर मंडी की सभापति किंशुक श्रीवास्तव ने सचिव महादेवी के साथ मंडी का भ्रमण किया। उन्हें मंडी समिति में दोनों यूनियन के पदाधिकारी मिले। मंडी की सभापति ने यूनियन के पदाधिकारियों व आढ़तियों से कहा कि नए स्ट्रक्चर के रूप में मंडी का निर्माण किया जाना है। जिन लोगों के भी पक्के निर्माण हैं वह उसे खुद तोड़ लें इसके लिए उन आढ़तियों को नोटिस भी दिए गए हैं। नोटिस में दिए गए तीन दिन के समय के अंदर पक्के निर्माण और लिंटर को गिरा लें अन्यथा तीन दिन बाद मंडी प्रशासन द्वारा बुलडोजर से पक्का अतिक्रमण गिरा दिया जाएगा।

# तेज आवाज व शोर से बचें, आवश्यकता पर ही करें मोबाइल का प्रयोग...चिकित्सकों ने दी सलाह

## विश्व हियरिंग डे पर हस्ताक्षर अभियान का मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया शुभारंभ

मुरादाबाद। राष्ट्रीय बधिरता बचाव व रोकथाम कार्यक्रम ( एनपीपीसीडी ) कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को विश्व हियरिंग डे मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर जिले में बधिरता की



जांच के लिए विशेष शिविर भी लगाए गए। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने अपने कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। दूसरी ओर जिला अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक डॉ.संगीता गुप्ता ने अभियान की शुरुआत की। जिला चिकित्सालय के ईएनटी सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने कान की बीमारियों के होने के कारण व बचाव के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवनशैली में सुधार लाना होगा। कान को सुरक्षित रखने के लिए तेज आवाज और शोर से बचना होगा। ऐसी जगहों से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन व ईयरफोन का बहुत आवश्यकता पर ही प्रयोग करें। अनावश्यक तेज आवाज में मोबाइल का प्रयोग करना अधिक हानिकारक साबित हो रहा है। कई बार बच्चों में बचपन से बच्चों को न सुनाई पड़ने की समस्या होती है। इसका समय रहते इलाज कराएं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि नियमित व्यायाम व ध्यान करें। कोलाहल से दूर रहें। कान में किसी प्रकार की परेशानी होने पर कोई तरल पदार्थ डालने व लकड़ी या माचिस की तीली से स्वयं कान साफ करने से बचें। कई बार असावधानी से यह घातक हो सकता है।मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में अभियान के शुरूआत के दौरान उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,डॉ. संजीव बेलवाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह, जिला एपिडिमोलॉजिस्ट अजीजुर रहीम, शुभम वर्मा, अंकित शर्मा, असद कमाल, विजयपाल सिंह, हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रोजगार मेलों में नौकरी मिलने से बदल रही बेरोजगारों की जिंदगी, अब तक इतने अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

## एक साल में दोगुने से अधिक को मिली विभिन्न कंपनियों में नौकरी, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में वर्ष 2023 में पंजीकृत 7004 में से 2384 को मिला अवसर

मुरादाबाद। रोजगार मेले के आयोजन से बेरोजगारों की जिंदगी बदल रही है। वर्ष 2024 में सेवायोजन



विभाग में पंजीकृत 7748 में से 5849 को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिल गई। जो वर्ष 2023 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। जिसके चलते विभाग में शिक्षित बेरोजगारों के पंजीकरण की संख्या भी बढ़ रही है। बीच के कई वर्षों में सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार का उचित अवसर न मिलने से पंजीकरण कराने वाले भी निराश हो रहे थे। जिससे नया पंजीकरण संख्या उम्मीद के अनुरूप नहीं हो रहा था। लेकिन, अब रोजगार मेले के माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का असर दिखने लगा है। न सिर्फ उत्तर प्रदेश व दूसरे राज्यों की बल्कि विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधि भी यहां के योग्य अभ्यर्थियों को अपने कंपनी में बेहतर विकल्प दे रहे हैं। अच्छी कमाई से आर्थिक स्थिति में सुधार होने से प्रेरित होकर दूसरे शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भी पंजीकरण के लिए विभाग की वेबसाइट पर सर्च करने की रुचि पैदा हो गई है। आनलाइन पंजीकरण होने से पंजीकरण बढ़ने लगा है। वहीं रोजगार मेले के आयोजन से मिल रहे बेहतर अवसर से भी युवाओं का रुझान सेवायोजन कार्यालयों की ओर झुका है। अब कार्यालय में आने के अलावा रोजगार पोर्टल पर नौकरी के लिए सर्च करने वालों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में रोजगार पाने वालों की संख्या दोगुना से अधिक हो गया है।क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न कंपनियों में निरंतर रोजगार का अवसर मिल रहा है। रोजगार मेले में कैंपस प्लेसमेंट के लिए कई प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के लिए आते हैं। इसमें साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को बेहतर सैलरी पैकेज पर कंपनियां नियोजित कर रही हैं। वर्ष 2024 में 5849 अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में नौकरी का अवसर मिला है। आगे भी और बेहतरी का प्रयास जारी रहेगा। - रत्नेश चंद्र, सहायक निदेशक सेवायोजन, मुरादाबाद

**दो वर्षों में सेवायोजन कार्यालय के आंकड़े**

| वर्ष | पंजीयन | रोजगार मेले की संख्या | चयनित अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| 2023 | 7004 | 33 | 2384 |
| 2024 | 7748 | 36 | 5849 |

# मुरादाबाद-बरेली होकर चलेंगी पांच होली स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों के लिए अतिरिक्त जनरल कोच लगाए

होली पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने मुरादाबाद-बरेली होते हुए पांच स्पेशल ट्रेनों का संचालन चार मार्च से शुरू किया है। इनमें दिल्ली और पंजाब से पूर्वांचल जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर और भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा सकती हैं।महाकुंभ के बाद अब होली पर घर जाने के लिए लोग ट्रेनों में बुकिंग करा रहे हैं। असम, झारखंड, बिहार के निवासियों ने जाना भी शुरू कर दिया है। लिहाजा ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। ऐसे में रेलवे ने मुरादाबाद-बरेली होते हुए पांच होली स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है।यह ट्रेनें दिल्ली, पंजाब से पूर्वांचल के लिए चलेंगी।



चार मार्च से इन ट्रेनों का संचालन शुरू हो रहा है और होली के बाद तक जारी रहेगा। इस बीच रेलवे होली स्पेशल के रूप में कुछ शटल ट्रेनों का ट्रायल भी कर सकता है। भविष्य में 250-300 किमी की दूरी तक नियमित शटल ट्रेनें चलाने की योजना है।लिहाजा गाजियाबाद से मुरादाबाद होते हुए बरेली तक और बरेली से सहारनपुर तक ट्रेन चलाई जा सकती है। फिलहाल होली स्पेशल ट्रेनों में रेलवे ने अनारक्षित टिकट वाले यात्रियों के लिए जनरल कोच भी लगाए हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि आवश्यकता के मुताबिक कुछ और स्पेशल ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। यह स्पेशल ट्रेनें चलेंगी 05299 बरौनी-आनंदविहार 04026-25 दिल्ली-रक्सौल-दिल्ली 04020-19 आनंदविहार-बरौनी-आनंदविहार 04012-11 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली 04024-23 दिल्ली-वाराणसी-दिल्ली दो दिन रद्द रहेगी मुरादाबाद-बरेली पैसेंजर- मुरादाबाद से बरेली के बीच चलने वाली ( 64177-78 ) पैसेंजर ट्रेन चार व पांच मार्च को रद्द रहेगी। सीनियर डीसीएम का कहना है कि तकनीकी कारणों से ट्रेन को निरस्त किया गया है। मुरादाबाद से बरेली के लिए ट्रेन चार मार्च को और बरेली से मुरादाबाद के लिए पांच मार्च को रद्द रहेगी।

# रामगंगा पुल के सात मार्च से खुलने के आसार, बरेली-लखनऊ जाने वालों को होगी आसानी

रामगंगा पुल की मरम्मत का काम लगभग पूरा हो गया है। अब इसे सात मार्च से खोलने की संभावना है। मंगलवार को बैठक में तय होगा कि पहले हल्के वाहन चलेंगे या भारी वाहन भी गुजरेंगे। पुल बंद होने से एक माह से परेशान लोगों को अब राहत



झेल रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। रामगंगा पुल खुलने के आसार हैं। पुल से भारी और हल्के वाहन एक साथ मंगलवार होने वाली एसपी ट्रैफिक और पीडब्ल्यूडी के कांवड़ियों के लिए 20 से 26 फरवरी तक रामगंगा पुल खोल गया था। इसके बाद 27 फरवरी से मरम्मत के लिए दोबारा ने पहले तय किया था कि पुल खुलने के बाद पहले दो पहिया बाद भारी वाहनों का संचालन शुरू कराएंगे। एसपी यातायात जनता के लिए खोला जाएगा। मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के अभियंता तय करेंगे कि पहले हल्के वाहन गुजारे जाएंगे, या व्यवस्था को सामान्य कर दिया जाएगा। पुल की मरम्मत के पुल बंद करने की योजना थी, लेकिन काम तेज होने के कारण मिलेगी।रामगंगा पुल बंद होने से करीब महीनेभर से दुश्वारियां मरम्मत का कार्य लगभग पूरा हो गया है। सात मार्च से पुल के गुजारे जाएंगे या अभी सिर्फ हल्के वाहन चलेंगे, इसका निर्णय अभियंताओं की बैठक में लिया जाएगा।महाशिवरात्रि के दौरान दिया गया था। इस बीच पुल मरम्मत का काम बंद कर दिया रामगंगा पुल बंद दिया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों और चार पहिया वाहनों के चलने की इजाजत दी जाएगी।इसके सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पुल को सात मार्च को आम अभियंताओं से तकनीकी बिंदुओं पर वार्ता की जाएगी। फिर भारी वाहन। इसके बाद डायवर्जन हटाकर यातायात लिए पांच फरवरी से कार्य चल रहा है। पहले दो माह के लिए अवधि आधी कर दी गई। 14 पिलर दुरुस्त, 12 बेयरिंग भी बदली गईं- पुल के ऊपर दो एक्सटेंशन को तोड़कर उसकी मरम्मत की गई। पुल के ऊपर स्पैन पर पानी और मिट्टी गिरने की संभावना थी। एक्सटेंशन बनने से बरसात के दिनों में पानी स्पैन से दूर गिरेगा। वहीं पुल के सभी 14 पिलर दुरुस्त कर दिए गए हैं। 12 बेयरिंग भी बदल दी गई हैं। पुल के नीचे पिलरों की मरम्मत का काम लगभग पूरा हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहम्मद शमी के कोच ने टीम इंडिया को दी शुभकामनाएं, बोले-चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में शमी से बेस्ट परफॉर्मेंस की उम्मीद

मुरादाबाद। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आज



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। मैच से पहले मोहम्मद शमी के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने टीम इंडिया और मोहम्मद शमी को शुभकामनाएं दीं। साथ ही शमी से बेस्ट परफॉर्मेंस की उम्मीद जताई है। कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, मैच अच्छा होगा। क्योंकि दोनों टीमें बहुत स्ट्रांग हैं। ऑस्ट्रेलिया की बैटिंग अच्छी है। लेकिन, बोलिंग कमजोर है। ऑस्ट्रेलिया बड़ी टीम है और उसे पलटवार करना भी आता है।टीम इंडिया इस वक्त सबसे बढ़िया टीम है। हमारी टीम में स्पिन और फ़ास्ट बोलिंग एवं बैटिंग का बेहतर कॉम्बिनेशन है। उन्होंने आगे कहा सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच मे थोडा प्रेशर रहता है। जो इस प्रेशर को हैंडल कर लेता है वही बड़ी टीम होती है और जीत हासिल करती है। कोच बदरुद्दीन ने कहा कि मोहम्मद शमी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पहले मैच में पांच विकेट लिए। उसके बाद कम ओवर डाले, क्योंकि स्पिनर बहुत अच्छा कर रहे हैं। शमी से चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं कोच बदरुद्दीन ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब तक सभी मैचों मे बढ़िया परफॉरमेंस दी है। इस बार भी चैंपियन बनाकर आएं।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत: दवा बताकर आरोपी के भाई और मां ने पिलाया था तेजाब, पांच महीने तक तड़पती रही युवती

दुष्कर्म के बाद पीड़िता को तेजाब पिलाने के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी जावेद और उसके भाई हारून को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि, पीड़िता को तेजाब पिलाने वाली महिला हलीफा को घटना के चार माह बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मुरादाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह दुष्कर्म पीड़िता की मौत हो गई। करीब पांच माह पहले आरोपी युवक की मां व भाई ने पीड़िता को तेजाब पिला दिया था। तभी से पीड़िता का उपचार चल रहा था। इस मामले के मुख्य आरोपी जावेद और उसके भाई हारून को जेल भेजा जा चुका है।भगतपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने आठ अक्तूबर 2024 को भगतपुर थाने में क्षेत्र के करिया नगला निवासी जावेद, उसके भाई हारून और मां हलीफा के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बताया था कि करीब आठ माह पहले आरोपी जावेद उसके घर आया। उस वक्त उसकी 17 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। आरोपी ने डरा-धमकाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने के उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी।डर के कारण पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद से आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता जब गर्भवती हो गई तो आरोपी ने गर्भपात कराने के लिए दवा खिला दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आरोपी ने उसे झांसा दिया कि वह उससे शादी कर लेगा। आरोपी ने कहा कि वह अपनी मां और भाई को दवा लेकर भेज रहा है, जिसे पीकर उसकी तबीयत ठीक हो जाएगी। आरोप है कि जावेद की मां और भाई पीड़िता के घर पहुंचे और उसे एक शीशी देकर दवा पीने की बात कही, जिसे पीते ही पीड़िता की हालत बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी मां-बेटे वहां से भाग गए। परिजन पीड़िता को लेकर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उसे तेजाब पिलाया गया है। इसके बाद से पीड़िता का उपचार चल रहा था। कुछ दिन बाद परिजन पीड़िता को घर ले आए और घर पर ही उपचार शुरू करा दिया लेकिन उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिवार के लोगों से पूछताछ की। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में पहले से ही केस दर्ज है। दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। जल्द ही आरोपी हलीफा को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पांच माह बाद भी नहीं पकड़ी गई आरोपी महिला- दुष्कर्म के बाद पीड़िता को तेजाब पिलाने के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी जावेद और उसके भाई हारून को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि, पीड़िता को तेजाब पिलाने वाली महिला हलीफा को घटना के चार माह बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - गांव जल्लुपुर सेहौर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास राहुल कृष्ण शास्त्री महाराज ने उद्धव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का सुंदर वर्णन किया। कथा सुन श्रोता भावविभोर नजर आए। कथा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान महिलाओं व युवाओं ने भक्ति भजनों पर जमकर नृत्य किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे ब्लाक प्रमुख ठा.राहुल सिंह का आयोजकों ने फूलमालाएं व पटका पहनाकर सम्मान किया। राहुल सिंह ने व्यास गद्दी की आरती की और कहा कथा भागवत में बताई गई बातों का लोगों को अनुसरण करना चाहिए। जिससे उनकी संतानें भी विद्वान व चरित्र वान बनें। कथा श्रवण के दौरान महेश चंद उपाध्याय,मुकेश शर्मा,शिवजी उपाध्याय, , मुनेष शर्मा, सुधाकर शर्मा, राजेश शर्मा,पंकज शर्मा,धीरज शर्मा, देवू शर्मा,अरविंद पाठक, किशन बघेल, सुखबीर बघेल, सुरेंद्र शर्मा, नीतिन भारद्वाज,तेज प्रकाश शर्मा,सुनील बघेल, ठा. ओमबीर सिंह, इंद्र लाला, मोर मुकुट, सत्य प्रकाश शास्त्री,राजू पाठक,योगेश पाठक, मन्नू ठाकुर, क्षेत्र पंचायत सदस्य ठा. मनोज सिंह,विनीत सिंह, गोलू सिंह सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।






# जिला पूर्ति अधिकारी के खिलाफ एफआईआर, कलक्ट्रेट में युवक को जान से मारने की दी थी धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली -कलक्ट्रेट में युवक को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पीड़ित युवक भगवत शरण के मुताबिक उन्होंने पूर्ति विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किए थे। इस बात से जिला पूर्ति अधिकारी उनसे रंजिश मानने लगे। इसी के चलते उनके खिलाफ कार्यालय की फाइल गायब होने की झूठी एफआईआर भी करा चुके हैं। पीड़ित ने बताया कि पिछले साल 23 मार्च को वह अपने अधिवक्ता दर्शन सिंह और एक अन्य साथी के साथ जिला अधिकारी के कार्यालय गए थे। कार्यालय से बाहर आते ही गैलरी में सरकारी नल के पास जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह मिल गए। पीड़ित ने जिला पूर्ति अधिकारी से उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराने के बारे में पूछा तो धमकी देने लगे कि अभी तो एक ही एफआईआर कराई है। अभी और भी कराऊंगा। अफसरों ने नहीं सुनी तो कोर्ट की ली शरण पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने मामले की शिकायत अधिकारियों से करने की बात कही तो जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह आगबबूला हो गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उन्हें जान से मरवाने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने अफसरों से की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# न्यारा पेट्रोल कंपनी के अधिकार में चौपाल लगाकर मनाया नेशनल सेफ्टी डे

क्यूँ न लिखूँ सच -अश्वनी नामदेव

बिडौली, झिंझाना मंगलवार को मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पर नायरा कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर नेशनल सेफ्टी डे मनाया व ग्राहकों को ट्रांसपोर्ट कार्ड वितरित किए और ग्राहकों को कार्ड के फायदे गिनवाई कहां के ट्रांसपोर्ट कार्ड ग्राहकों को फायदा होगा जो भी ग्राहक कार्ड के जरिए डीजल या पेट्रोल लगेगा उन्हें भारी छूट दी जाएगी। मुख्य अतिथि अहमदगढ़ चौकी प्रभारी जितेंद्र त्यागी ने बताया की वहां से चलने वाले सभी को सेफ्टी से चलना चाहिए मोटरसाइकिल से चलने वाले सभी साथियों को हेलमेट लगाना चाहिए तथा गाड़ी से चलने वाले सभी को सीट बेल्ट लगानी चाहिए हम पुलिसकर्मी हमेशा यही कहते हैं की सेफ्टी जरूरी है अगर हम वाहनों का चलन करते हैं तो यह हमारे लिए मजबूरी होती है क्योंकि यह हम वाहन स्वामियों से फाइन के तौर पर वसूलते हैं फाइन इसलिए लिया जाता है ताकि अगली बार वहां से चलने वाले सभी वाहन स्वामी अपना हेलमेट अपनी सीट बेल्ट लगा कर चले। इस मौके पर कंपनी के ओरिजिनल हेड संजय लोपरा जनरल हेड राजीव चौधरी स्टेट हैंड प्रदीप चौधरी लक्ष्मी पैट्रोल पंप मालिक वीरेन्द्र सरोहा रफा प्रधान इनाम चौधरी सिंगार व ट्रक ड्राइवर आदि मौजूद रहे।




# विद्यालय में चोरी का खुलासा नहीं कर सकी भोजीपुरा पुलिस, ग्रामीणों मे रोष

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - थाना भोजीपुरा का क्षेत्र के गांव पडरी खालसा स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में 25 फरवरी 2025 को हुई सामान की चोरी का अभी तक पुलिस कोई पता नहीं लगा सकी है इससे ग्रामीणों मैं भारी रोष व्याप्त है.। कुछ शतिर बदमाशों ने स्कूल के दरवाजों के कुंडे काटकर उसमें रखे बच्चों के खाना बनाने के उपकरण, 2 गैस सिलेंडर, एक टैबलेट चोरी करके फरार हो गए थे इस संबंध में प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को लिखित और मौखिक दोनों तरह से अवगत कराया था। बताते हैं कि विद्यालय में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बदमाशों के पकड़ने में कोई रुचि नहीं दिखाई,इस कारण स्कूली बच्चों को दोपहर का भोजन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण जनों का कहना है कि सार्वजनिक हित की संपत्ति की चोरी करने वाले बदमाशों को अवश्य पकड़ा जाना चाहिए , ताकि वह भविष्य में कोई इस तरह की घटना को अंजाम न दे सके।




# फर्जी डिग्री प्रकरण में शेर अली जाफरी की संपत्ति होगी जब्त पुलिस जुटा रही है रिकॉर्ड

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - बरेली के खुसरो कॉलेज में फर्जी डीफार्मा डिग्री देने के मामले में जेल भेजे गए कथित भाजपा नेता शेर अली जाफरी, उसके बेटे और गिरोह के छह सदस्यों की संपत्ति जब्त की जाएगी। इसके लिए किला थाना पुलिस ने संबंधित विभागों व दूसरे जिलों से संपत्ति का रिकॉर्ड मांगा है। होली के बाद कार्रवाई संभावित मानी जा रही है। 17 जनवरी को खुसरो ग्रुप के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत छह लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा सीबीगंज थाने में दर्ज कर विवेचना किला थाना प्रभारी को सौंपी गई थी। आरोपियों में शास्त्रीनगर निवासी शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज जाफरी, उसका पार्टनर शांति विहार निवासी विजय शर्मा और उसके कॉलेज का प्रिंसिपल विश्वनाथ शर्मा के साथ ही करीबी गुर्गा अभयपुर थाना भोजीपुरा निवासी जाकिर व मीरगंज निवासी तारिक अल्वी शामिल थे। इस मामले में एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहना कि शेर अली जाफरी व उसके साथियों के गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। गिरोह की अवैध रूप से बनाई संपत्तियों की जांच कराई जा रही है। इन संपत्तियों को प्रशासन की मदद से जल्द ही जब्त किया जाएगा।




# पत्नी की बेवफाई से आहत होकर बैंककर्मी जहर खाकर दी जान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक बैंकर्मी ने जहर खाकर जान दे दी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि भाई ने भाभी व उसके प्रेमी से परेशान होकर आत्महत्या की है। दोनों उसे धमकाते थे। पुलिस ने पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिथरी चैनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शेर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके भाई राजेंद्र पाल ( 35 ) की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। भाई बैंक में नौकरी करता था। भाई के चार बच्चे हैं।



# प्रदेश में आठ आईपीएस हुए इधर से उधर, बलिया वसूली कांड से चर्चा में आए देवरंजन वर्मा को मिली तैनाती

